# NSS 7-Day Camping Schedule And operating system

Date: / /20
Page:

Group Ist
Group 2nd
Group 3rd
Group 4th
Group 5th

## Planning ÷

| | |
|---|---|
| 7:00 to 8:00 a.m. | Prayer, exercise and yoga |
| 8:00 to 9:00 a.m. | Breakfast |
| 9:00 to 10:00 a.m. | |
| 10:00 to 1:00 p.m. | Other working time according to daily working ideas |
| 1:00 to 2:00 p.m. | Lunch |
| 2:00 to 2:30 p.m. | Rest |
| 2:30 to 4:00 p.m. | Lecture session |
| 4:00 to 6:00 p.m. | Evening daily work |
| 6:00 to 7:00 p.m. | Evening lecture session |
| 7:00 to 8:00 p.m. | Dinner time |
| 8:00 to 10:00 p.m. | Interaction between volunteers and teachers. Daily new interesting competition |
| 10:00 p.m. | Sleeping time |

# P.G. COLLEGE RAMPUR BUSHAHR

गोविंद वल्लभ पंत मैमोरियल कॉलेज

रामपुर बुशहर

आज दिनांक 22 फरवरी, 2022 से 28 फरवरी, 2022 तक NSS राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिनों का शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के (विद्यार्थियों) स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस शिविर में कॉलेज के NSS program officers डॉ. जितेन्द्र सहानी, प्रो. प्रोमिला ठाकुर उपस्थित है।

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़ कर इस शिविर में भाग लिया और इस वर्ष यह शिविर गोविंद वल्लभ पंत मैमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर बुशहर में लगाया जा रहा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

"NOT ME BUT YOU"

NSS के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्यअतिथि

Date: / /20
Page:



# सात दिवसीय NSS शिविर

Day 1 ⤵

Date: / /20
Page:

## 22 फरवरी, 2022

आज राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का प्रथम दिन है। सभी विद्यार्थी महाविद्यालय में एकत्रित हुए। उसके बाद महाविद्यालय के program officers Dr. Jitender Saini & Professor Promila Thakur ने सभी स्वयंसेवियों को NSS कैम्प जोकि आज से शुरु हुआ है के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। यह NSS शिविर लगभग दोपहर को महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय Sh. P.C.R. Negi जी के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्राचार्य महोदय ने सभी स्वयंसेवियों को अनुशासन, सामाजिक कार्य एवं जीवन में किस तरह से आगे बढ़ना है तथा हर कार्य में धैर्य किस तरह से रखना है, इसके बारे में बताया।



Day 2 ↴

# 23 फरवरी, 2022

प्रातःकालीन सभी स्वयंसेवी प्रार्थना और व्यायाम करने के लिए एकत्रित हुए। Group 1 ने प्रार्थना गाई और अन्य सभी स्वयंसेवियों को व्यायाम करवाया।

आज का विचार ↴
किसी व्यक्ति को यह नहीं सोचना चाहिए कि वो अपनी जिंदगी में कितना खुश है, बल्कि ये सोचना चाहिए कि उसकी वजह से कितने लोग खुश हैं।

Report : ↴
आज कैंप का दूसरा दिन है। जिसमें सुबह नाश्ते में आलू के पराठे और चाय बनाई गई। महाविद्यालय में सभी (पांच) वर्गों द्वारा ने science block के सामने सफाई करके वहां पर कियारियां बनाने का कार्य किया। उसके बाद काम खत्म होने के पश्चात स्वयंसेवियों ने विश्राम किया। उसके बाद सभी स्वयंसेवी दिन के भोजन के लिए गए। (बाँद) दोपहर के भोजन में राजमाह चावल और आलू बनाए थे।
उसके पश्चात Conference hall में सभी स्वयंसेवियों और Physical Education के छात्र-छात्राओं को एकत्रित किया गया। उसके पश्चात Guest Lecture में Mr. Tilak Sharma मौजूद रहे और उनके साथ Program Officer प्रो. प्रोमिला ठाकुर और डॉ. जितेंद्र सहानी भी मौजूद थे। हमारे Guest Lecture ने हमें चरित्र से संबंधित जानकारी दी और हमें किस तरह से अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, के बारे में बताया। उन्होंने अपने जीवन से संबंधित किस्से भी हमें बताए और उन्होंने हमें ये भी बताया कि जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। हमें जीवन में हमेशा खुश रहना चाहिए और ईमानदारी से सभी कार्य करने चाहिए।

Date: / /20
Page:

उन्होंने हमें अच्छा इंसान बनने की सीख दी। उन्होंने हमें अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बताया। हमें सभी लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए और जीवन में कभी भी घमण्ड नहीं करना चाहिए। उन्होंने हमें Democracy के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात अंत में उन्होंने हमारे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Date / / 20
Page

Day 3 ↴ 24 फरवरी, 2022

प्रातः कालीन सभी स्वयंसेवी हर दिन की तरह प्रार्थना और व्यायाम करने के लिए एकत्रित हुए। Group 2 ने प्रार्थना के साथ-साथ अन्य स्वयंसेवियों को व्यायाम भी करवाया।

आज का विचार ↴
इस अफसोस के साथ न उठो कि कल आप क्या नहीं कर पाए, बल्कि इस सोच के साथ उठो कि आज आप क्या कर सकते हो।

Report ↴

आज कैंप का तीसरा दो दिन है। जिसमें सुबह नाश्ते मे पराठे और चाय बनाई गई। उसके पश्चात सभी NSS स्वयंसेवी आपस में सभी के विचारों को सुन रहे थे। उसके बाद दिन का भोजन किया गया। उसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों को conference hall में एकत्रित किया गया। उसके पश्चात Guest Lecture में Mr. Rajesh Sir (English department) हमारे बीच मौजूद रहे और उनके साथ प्रोग्राम ऑफिसर प्रो॰ प्रोमिला ठाकुर और डॉ॰ जितेंद्र सहनी भी मौजूद थे। आज सर ने हमें शिक्षा के बारे में बताया जिसमें सभी लोगों का विकास हो। सर ने हमें बताया कि ये NSS कैम्प के सात दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण और अनमोल है। उन्होंने हमें बताया कि इन सात दिनों में हम बहुत कुछ सीख सकते हैं और दूसरों को भी सिखा सकते हैं। उन्होंने हमें moral values के बारे में जानकारी प्रदान की, और बताया कि value के साथ जीना ही खुशी है।

Value — art of living

इसके पश्चात NSS स्वयंसेवियों ने भी Values के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में सर ने हमें अपने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Akshay Negi, जो हमारे ही रामपुर महाविद्यालय का एक छात्र है, उन्होंने योग में World Record बनाया है। उन्होंने हमें योग से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने हमें प्राणायाम के बारे में भी बताया और उसके फायदे भी हमारे साथ सांझा किए।

उसके पश्चात अंत में हमारे बीच Dr. Nikhil Sarta (Tourism Department) मौजूद रहे। उन्होंने हमें Tourism के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि Tourism is a 'Latin' word 'Tornas' which means "You complete a circle". उन्होंने हमें Tourist & Traveller के बीच में अंतर समझाया और हमें Resources के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हमें साथ ही साथ संस्कृति के बारे में भी बताया क्योंकि ये सभी Tourism का ही एक भाग है। अंत में उन्होंने धन्यवाद कहा और साथ ही हमें शुभकामनाएं दी।




2022-2-24

Day 4

Date: / /20
Page:

## 25 फरवरी, 2022

राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, इसके पश्चात Akshay Negi द्वारा स्वयंसेवियों को योग करवाया गया जिसमें डॉ. जितेन्द्र सहानी भी हमारे साथ थे।

विचार

सफलता कोई पहले से ही निर्मित वस्तु नहीं है, इसे पाना पड़ता है। हमें हमारी जिंदगी में हर कुछ छोटी से छोटी कठिनाई कुछ सीखा ही जाती है। यदि आप सफलता पाना चाहते हो तो बहाना बनाना छोड़ दो।

Report

आज कैंप का चौथा दिन है। जिसमें सुबह नाश्ते में आलू के परांठे और चाय बनाई गई। इसके पश्चात NSS स्वयंसेवियों ने Science Block के पिछले हिस्से में साफ-सफाई की। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के फलों के बीज बोए। इसके साथ-साथ महाविद्यालय के मुख्य द्वार के साथ लगते हिस्से में साफ-सफाई की और क्यारियां बनाई।

सांयकालीन विशिष्ट वक्ता Adv. Himesh Thakur रहे। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को कानून आधारित विशेष प्रावधानों तथा धाराओं से अवगत करवाया। तथा नशे से दूर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सहनी तथा डॉ. प्रोमिला ठाकुर (NSS) प्रभारी उपस्थित रहे।

शिविर पर वक्ता Adv. Himesh Thakure एवं NSS programm officers.



Day 5 →

Date: / /20
Page:

# 26 फरवरी, 2022

प्रातःकालीन सभी स्वयंसेवी हर दिन की तरह प्रार्थना और व्यायाम करने के लिए एकत्रित हुए। उसके पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा प्राणायाम की क्रियाएं की गई।

आज का विचार →
पहचान से मिला काम कम समय के लिए ही चलता है लेकिन काम से मिली पहचान जिन्दगी भर रहती है।

**Report →**

आज कैंप का पांचवा दिन है। व्यायाम करने के कुछ देर पश्चात् स्वयंसेवियों द्वारा नाश्ता किया गया। उसके पश्चात स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार के आस-पास साफ-सफाई की और फूलों के लिए कियारियाँ बनाई गई। काम खत्म होने के पश्चात् स्वयंसेवियों द्वारा मनोरंजन के लिए पहाडी नृत्य किया। उसके पश्चात NSS स्वयंसेवियों ने दिन का भोजन किया।





Day 6 ↴

Sajal Date: / /20 Page:

# 27 फरवरी, 2022

प्रातः कालीन सभी स्वयंसेवी हर दिन की तरह प्रार्थना और व्यायाम करने के लिए एकत्रित हुए। उसके पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा प्राणायाम की क्रियाएं भी की गई। सभी स्वयंसेवियों ने मिलजुल कर कार्य किया।

आज का विचार ↴
मनुष्य को हमेशा मौका नहीं ढूंढना चाहिए, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

## Report ↴

आज शिविर का 6वां दिन है। व्यायाम करने के कुछ देर पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा नाश्ता किया गया। उसके पश्चात स्वयंसेवियों ने मुख्य द्वार के आस-पास सफाई की और कियारियाँ बनाई। दोपहर में सभी स्वयंसेवियों ने भोजन किया। उसके बाद स्वयंसेवियों ने सभागार के पीछे वाले भाग मे सफाई की। कार्य समाप्त होने के बाद स्वयंसेवियों ने खीर खाई और मनोरंजन के लिए पहाड़ी नृत्य किया।


Shot by @namitathakurthe



Sajal Date: / /20 Page:

28 फरवरी 2022

शिविर का अंतिम दिन मुख्य अतिथि श्री चन्द्रशेखर DSP रामपुर बुशैहर।



Day-7

Date: / /20
Page:

28 फरवरी 2022

प्रात: कालीन सभी स्वयंसेवी हर दिन की तरह प्रार्थना और व्यायाम करने के लिए एकत्रित हुए। उसके पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा प्राणायाम की क्रियाएं भी की गई। सभी स्वयंसेवियों ने मिलजुल कर कार्य किया।

**आज का विचार —** उत्साह जीवन मे सबसे बड़ी शक्ति है अगर आप के पास है तो जीत आप की है।

Report →

आज शिविर का नवां दिन है। व्यायाम करने के कुछ देर पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा नाश्ता किया गया। उसके पश्चात स्वयंसेवियों ने मुख्य द्वार के आस-पास सफाई की और कियारियाँ बनाई। दोपहर में सभी स्वयंसेवियों ने भोजन किया। यह शिविर का अन्तीम दिन था जिस मे मुख्य अतिथि DSP रामपुर श्री चन्द्रशेखर ने विद्यार्थियो से जीवन मे अनुशासन बनाए रखने, नशे से दूर रहने व समाज के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।